

## उच्च न्यायालय के आदेशों का नहीं हो रहा पालन, देखो कब होगी कार्यवाही

# नहीं छूट रहा हूटर से मोह, छह दिन बाद भी हालात पुराने जैसे



**जबलपुर, नवभारत।** चार पहिया वाहनों पर लगे हूटर रसूख का साधन बनते जा रहे हैं। फिर चाहे नेता हो या अधिकारीगण कोई भी इसे हटाने तैयार नहीं हो रहा है। आदत से मजबूर नेता और अधिकारियों के वाहनों कि छत के साथ साथ बोनेट के अंदर हूटर लगवा रखे है। बता दे कि उच्च न्यायालय की इंदौर बैंच ने सात दिन के भीतर निजी वाहनों पर लगे हूटर और गलत तरीके से लगी नम्बर प्लेट हटवाने के आदेश पुलिस को दिए थे। मामले में राज्य सरकार और डीजीपी समेत अन्य को नोटिस भी जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा था। लेकिन 1 अगस्त को पारित इस आदेश का मखौल अभी तक उड़ाया जा रहा है। आलम यह है कि तमाम निजी और सरकारी वाहनों पर लगे हूटर से रसूखदार अपना ज़लज़ला लोगों में सामने पेश कर रहे हैं। वही कार्रवाई करने के बजाय पुलिस इनके लिए रास्ता साफ करा रही है। शहर में हर रोज चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात थी। लेकिन, तेज आवाज में हूटर बजाते हुए वाहन उनके सामने से निकलते है।

### छत से निकाल बोनेट में लगवाया

शहर के माननीय नेताओं और अधिकारियों से बड़े कुछ छुटवइये नेताओं ने आदेश के पालन के नाम पर अपने वाहनों की छत पर लगे हूटरों को निकाल कर बोनेट में कसवा लिए है। बता दे कि शहर में तीन ट्रैफिक थाने गढ़ा, मालवीय चौक और घमापुर हैं। तीनों थानों के स्टाफ की बात की जाए तो तीन डीएसपी, टीआई, सूबेदार, एसआई, एएसआई समेत सिपाही-हवलदारों को मिलाकर 200 से अधिक का अमला है। रोजाना इनकी तैनाती शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और एंट्री प्वाइंट पर होती है लेकिन कहीं भी कार्रवाई नहीं की जाती है।

### इनका कहना है



पुलिस द्वारा वाहनों पर लगे अवैध हूटरों पर कार्रवाई की जाएगी। माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश पर सख्ती से अमल किया जाएगा।

**संपत उपाध्याय**
**एसपी, जबलपुर**

जब माननीय न्यायालय और केंद्र सरकार द्वारा वीआईपी कल्चर खत्म कर दिया गया है तो फिर वाहनों पर हूटर किस बात के चलते लगाए जा रहे हैं? इन पर कार्रवाई होनी चाहिए।



**पंकज विश्वकर्मा**

हूटर सिर्फ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस वाहनों में ही लगाया जा सकता हैं। लेकिन आजकल तो हर दूसरे वाहन में यह हूटर लगे रहते हैं।



**अमरजीत मल्होत्रा**

# स्टेशन की आधी सड़क पर ई-रिक्शा का कब्जा

**ट्रैफिक जाम के साथ, आने- जाने में होती परेशानी**



**नवभारत, जबलपुर।** रेलवे स्टेशन के बाहर इन दिनों ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से यात्री और राहगीर दोनों परेशान हैं। स्टेशन के बाहर मुख्य सड़क पर ई-रिक्शा बेतरतीब खड़े रहते हैं। आधी सड़क पर ई- रिक्शा खड़े होने के कारण यहां पर ट्रैफिक जाम की समस्या तो बनती है, साथ ही स्टेशन पर आने- जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ई- रिक्शा चालक यहां सवारी लाने और ले जाने के लिए भी सड़क पर ही अचानक रिक्शा रोक देते हैं, जिसके कारण दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। जिस पर यातायात पुलिस द्वारा कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**पूर्व में हुई कार्यवाही, फिर वही स्थिति**

रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े हो रहे और अपनी मनमानी पर उतारू ई-रिक्शा चालकों के ऊपर यातायात पुलिस द्वारा पूर्व में कार्यवाही की गई थी परंतु यह कार्यवाही का कोई खास असर नहीं हुआ है। जिसके चलते अब फिर से यह ई- रिक्शा चालक भी सड़कों पर खड़े रहते, उससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**इनका कहना है**

स्टेशन के बाहर ई- रिक्शा चालकों पर कार्यवाही की गई थी, साथ ही अतिक्रमण भी हटाए गए थे। जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संगीता डामोर**
**डीएसपी यातायात घमापुर**



# नो- पार्किंग में खड़े वाहनों को हटाया

**गढ़ा यातायात पुलिस ने की कई क्षेत्री में कार्यवाही**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में अवैध रूप से सड़क किनारे वाहनों को पार्क करने वालों के ऊपर यातायात पुलिस द्वारा फिर एक बार शिकंजा कसा जा रहा है। त्योहारों को देखते हुए खास तौर पर बाजार क्षेत्र में भीड़ बढ़ रही है, लेकिन नो पार्किंग में खड़े वाहनों और बाहर तक लगी दुकानों के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है, जिसको देखते हुए गढ़ा यातायात पुलिस द्वारा सदर क्षेत्र में कार्यवाही की। गढ़ा यातायात डीएसपी बैजनाथ प्रजापति ने बताया कि मंगलवार को सदर बाजार, पेंटी नाका, जायसवाल पेट्रोल पंप से गणेश चौक तक कार्यवाही करते हुए सड़क पर खड़े वाहनों को हटाया गया, साथ ही बाहर तक लगी दुकानदारों को समझाइए दी गई। जिससे यातायात व्यवस्था बनी रहे। साथ ही नो- पार्किंग में खड़े वाहनों के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई, इस मौके पर गढ़ा यातायात पुलिस बल मौजूद रहा।

### सूने घर का टूटा ताला

**जबलपुर।** तिलवारा में एक सूने घर में चोरों ने धावा बोलते हुए सोने का सिक्का समेत गृहस्थी का सामान चोर चुराकर ले गए। पुलिस के मुताबिक अभिजीत मुखर्जी निवासी अशोका रतन सोसायटी शंकर नगर रायपुर छत्तीसगढ में ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फैब्रीकेशन का व्यापार करता है। तिलवारा में माँ श्रीमति लक्ष्मी मुखर्जी एवं पिता अरुण कुमार मुखर्जी का पैतृक मकान है जिसमें माता पिता दोनों रहते है उसका बीच बीच में आना जाना लगा रहता है। 25 जून 25 को माता पिता को लेकर घर में ताला लगाकर रायपुर चला गया था 3 अगस्त को अमन ने फोन करके बताया कि घर में चोरी हो गई है। बीती रात वह पत्नि मोनिका मुखर्जी के साथ जबलपुर आकर अपने घर मकान नंबर 614 न्यू शास्त्रीनगर थाना तिलवारा में जाकर देखे तो घर के दरवाजे का ताला और दरवाजा टूटा हुआ थाअज्ञात चोर अज्ञात चोर सोने का सिक्का और गृहस्थी चुराकर ले गये।

# युवक ने खाया जहर, मरीज को लेकर अस्पतालों में भटकते रहे परिजन

**जीसीएफ से रेफर, जबलपुर अस्पताल में नहीं मिला बिस्तर, नेशनल अस्पताल में मौत**

**जबलपुर।** खमरिया थाना क्षेत्र में एक युवक ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों इलाज के लिए उसे भर्ती कराने के लिए अस्पतालों में भटकते रहे। पहले परिजन युवक को जीसीएफ अस्पताल लेकर गये जहां से जबलपुर अस्पताल ले जाने के लिये कहा गया जबलपुर अस्पताल में बिस्तर खाली नहीं होने से नेशनल अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि राहुल रजक निवासी एम्पायर टाकीज के आगे सदर थाना केण्ट ने सूचना दी कि लोहारी का काम करता है बीती रात लगभग 9-30 बजे वह पुराना शोभापुर अपने चाचा नारायण प्रसाद रजक के घर पर था तभी उसकी बड़ी मम्मी पार्वती बाई रजक के घर जाकर देखा सुनील रजक जमीन पर लेटा हुआ था बड़ी मम्मी ने बताया कि सुनील रजक उल्टी कर रहा था सुनील ने पूछने पर जहरीली वस्तु खाना बताया सुनील को उपचार के लिए जीसीएफ अस्पताल लेकर गये जहां से जबलपुर अस्पताल ले जाने के लिये कहा गया जबलपुर अस्पताल में बिस्तर खाली नहीं होने से नेशनल अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर सुनील रजक 36 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।

### लूट करने में सफल नहीं हुए तो धारदार हथियार से कर दिया हमला

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत कंटगी बायपास में मंगलवार सुबह मोटर सवार तीन लुटेरों ने एक युवक को रोक कर डरा धमकाकर उसका बैंग व मोबाईल छीनने लगे जब वह लूट करने में सफल नहीं हो पाए तो उन्होंने धारदार हथियार से हमला कर दिया और फरार हो गए पुलिस ने बताया कि संतोष मल्लाह 25 वर्ष निवासी रामघाट पिपरिया थाना शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मैहर शरादा मंदिर दर्शन करने जा रहा था, मंगलवार सुबह 6-30 बजे कटंगी बायपास पहुंचा। उसी समय पीछे से एक काले रंग साईकिल सवार अज्ञात तीन लडके पास में आये एवं उसकी गाडी रोककर तीनो उतरकर पास आकर बैंग व मोबाईल छीनने का प्रयास किये लेकिन तीनों अज्ञात लडके सफल नही हुये तो धारदार हथियार से उसके पेट में दाहिने तरफ मार कर चोट पहुंचा दी।

# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

**▶ कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश**
**उल्लंघन करने पर पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ होगी कार्यवाही**




**नवभारत, जबलपुर।** अब ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंप से पेट्रोल नहीं मिलेगा जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया है। जी हां... इस संबंध में जिला दंडाधिकारी व कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मंगलवार को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक हेलमेट नहीं लगाने पर दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों से पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। अगर आदेश का उल्लंघन होता पाया गया तो संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर के द्वारा जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बीते कुछ माह में सड़क हादसों में देखा गया है कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट नहीं लगाए थे जिस कारण वे मृत हुए हैं। अगर सिर पर हेलमेट होता तो शायद सड़क हादसों में मृत होने वालों की संख्या के आंकड़े में कमी होती। जनमानस के जीवन की चिंता करते हुए उक्त आदेश जारी किए गए हैं जिससे सभी सुरक्षित रहें और सिर को कवर कर सड़क पर अपने-अपने वाहन में चलें।

### दलालों पर रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्रवाई

**जबलपुर।** रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन उपलब?ध के तहत माह 01 जनवरी से 31 जुलाई के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत 50 टिकट दलालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। 49 लाख 95 हज़ार 184 रूपये कीमत की 3477 रेल टिकटों को जब्त किया गया।

# इंटर कंपनी चयन में कर्मियों को बांड शर्तों से राहत

**▶ एमपी ट्रांसको ने जारी किये आदेश**

**जबलपुर।** ऊर्जा विभाग द्वारा कर्मचारियों के कैरियर विकास को प्रोत्साहित करने और उनके हितों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने उन नियमित एवं संविदा कर्मचारियों को , जिनका चयन ऊर्जा विभाग की अन्य कंपनियों में हुआ है, बड़ी राहत प्रदान करते हुए उनके द्वारा निष्पादित बांड की राशि भुगतान में शिथिलता दी है । ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि कर्मचारियों को उनके योग्य अवसर प्रदान करने व ऊर्जा क्षेत्र में दक्षता एवं गुणवत्ता हासिल कर नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से यह राहत प्रदान की गई है। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कंपनी में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जिन्होंने ट्रांसमिशन लाइन की हॉटलाइन मेंटेनेंस हेतु विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है, यदि उनका चयन राज्य की अन्य उत्तरवर्ती विद्युत कंपनियों में होता है, तो उन्हें बांड की शर्तों में शिथिलता दी जाएगी। हाल ही में ऐसे 9 कर्मचारियों का चयन अन्य विद्युत कंपनियों में हुआ है, जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान किए गए बांड की राशि तथा अनिवार्य नोटिस अवधि से छूट दी गई है।

# चाकू अड़ाकर रेल यात्री से लूट, तीन गिरफ्तार

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन सिहोरा में बीती रात ट्रेन का इंतजार कर रहे तीन लुटेरों ने एक यात्री को निशाना बनाते हुए चाकू अड़ाकर नगदी और मोबाइल लूट लिया। जीआरपी पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज चौबीस घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि संजीव कोल पिता रामदास कोल 20 वर्ष निवासी ग्राम गढ चपा थाना सिहोरा ने चार अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह रात में जबलपुर जाने के लिये रेलवे स्टेशन सिहोरा आया था ट्रेन का इंतजार कर रहा था तभी रेलवे स्टेशन सिहोरा में तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा चाकू अड़ाकर मारपीट कर उसके बैग में रखे मोबाईल और जेब में रखे 3250 रूपये लूट लिये। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासजी करते हुए चंदन कोल पिता भंडा कोल 29 वर्ष निवासी लखराम मोहल्ला सिहोरा, अंकुश उर्फ ब्लैकी सोनखरे पिता रजनीश सोनखरे 25 वर्ष निवासी लखराम मोहल्ला सिहोरा, एक बालक को गिरफ्तार किया।

# सेवानिवृत पुलिस कर्मियों और किराएदार में झगड़ा, तीन घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत केसर बिहार शिव मंदिर के सामने पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी और किराएदार आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक यशोदानंद मिश्रा निवासी केसर बिहार के पीछे शिव मंदिर के सामने ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पुलिस विभाग से सेवानिवृत हैं, पड़ोस में भारत सिंह गौड़ भी रहते हैं वह भी पुलिस विभाग से सेवानिवृत है। किरायेदार सुरेन्द्र बर्मन से पुरानी बात को लेकर विवाद कर रहा था जिसे मना किया तो लिपट गया और हाथ मुक्कों घूसों से मारपीट की। उसे जमीन में गिरा दिया। सुरेन्द्र को चोटें आ गई। वहीं भारत सिंह गौड़ निवासी जागृति नगर केसर बिहार के पीछे शिव मंदिर के सामने ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पुलिस विभाग से रिटायर्ड है। घर के सामने रहने वाले यशोदानंद मिश्रा का किरायेदार सुरेश बर्मन नीचे किराये से रहता है जिसके किरायेदार सुरेश बर्मन से पुराना विवाद है जिसको लेकर उसने विवाद किया। सुरेश बर्मन उसका लड़का शुभम बर्मन घर के दलान में अंदर घुस आये और उसके हाथ घूसो से मारपीट करने लगे इतने में सुरेश बर्मन का मकान मालिक यशोदानंद मिश्रा अपने लड़के पप्पू मिश्रा के साथ दोनों लोग भी घर के अंदर घुस आये और वह चारो लोग मिलकर हाथ घूसों से मारपीट किए जिससे उसे चोटें आ गई। बच्ची स्वाती गौड़, पत्नी मीरा बाई गौड़ ने आकर बीच बचाव किया तो पप्पू मिश्रा व सुरेश बर्मन ने बेटी स्वाती गौड़ को धक्का दिया और उसके बाल पकड़कर उसके साथ भी हाथ घूसों से मारपीट किये है जिससे बच्ची के सिर में पीछे चोट लगी है। इसके बाद सभी जान से खत्म करने की धमकी देकर वहां से चले गये।

# आग और धुएं से गल गया गौरीघाट मुक्तिधाम का शेड

**▶ मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान**

**नवभारत, जबलपुर।** गौरीघाट स्थित श्मशान घाट में अव्यवस्था पर मानव अधिकारी आयोग ने संज्ञान लिया है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में जनहित में प्रकरण की सुनवाई करते हुए, आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला माना और निगमायुक्त जबलपुर से जांच कराकर कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह के भीतर मांगा है। गौरतलब है कि गौरीघाट के श्मशान घाट का शेड आग और धुआं से गलकर जर्जर हालत में पहुंच चुका है और बारिश में इसमें से पानी टपकता है। इस कारण अंतिम संस्कार करने आने वाले लोगों को गीला होते हुए अपनों का अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

# न्यायालय कर्मचारी के घर पथराव मारपीट, जीजा-साले घायल

जबलपुर। गोराबाजार थाना अंतर्गत बिलहरी में न्यायालय में पदस्थ कर्मचारी के घर पर पथराव हुआ। जब वह बड़े भाई के यहां पूछने गया तो भतीजे और उसकी पत्नी ने मकान बंटवारे को लेकर मारपीट कर दी। जिसमें जीजा-साले घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। पुलिस के मुताबिक मोनू सिपाही निवासी बिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह न्यायालय में कर्मचारी है। बीती रात 8.30 से 9 बजे के बीच घर पर बाहर से पत्थर आ रहे थे तो उसने अपने बडे भाई राजू सिपाही के घर पूछने गया तो राजू सिपाही घर में नहीं था उनके लडके अमित सिपाही, वासु सिपाही एवं वासु की पत्नी रोशनी सिपाही ने मकान के बंटबारे की पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की। वासु सिपाही बेसवाल का डंडा लेकर आया और मारपीट करने लगा जिसके चलते उसे चोटें आ गई। अमित सिपाही हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तभी जीजा दिनेश भारद्वाज बीच बचाव करने आया तो अमित सिपाही ने जीजा को बास के डंडे से मारपीट की जिससे जीजा को चोटें आ गई।

# मोबाइल पर बात करना बंद की तो सरेराह रोककर की छेड़छाड़

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में एक सिरफिरा युवती को पहले मोबाइल पर कॉल कर तंग करने लगा जब उसने बात करना बंद कर दी तो उसने सरेराह रोककर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलस के मुताबिक 22 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्रेजुएशन के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही हैं। खेत में धान की कटाई के लिये धजूप्रीत उर्फ गुरप्रीत निवासी पटियाला धंजूप्रीत नाम का लड़का हार्वेस्टर लेकर आया था। इसके बाद से जान पहचान हो गई थी। बात करते हुए समझ में आया कि यह अच्छा लड़का नहीं है तो बात बंद कर दी थी। मना करने के बाद धंजूप्रीत बार-बार अलग-अलग नंबर से कॉल कर परेशान करने लगा था। ग्राम तेवर से पड़ुआ जाने वाले मार्ग पर सी वर्ल्ड वाटरपार्क के पास धंजूप्रीत मिला और रास्ता रोक लिया और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया।



# निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराएं

**संभागायुक्त ने दिए निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए निर्देश**

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें सीएम हेल्पलाइन, निर्माण कार्य, मातृवंदना योजना, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपूर्ण निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में न्यून प्रदर्शन वाले अधिकारियों से कहा कि इसमें सतत मानीटरिंग कर प्रगति लायें और प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। बैठक में अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण, छात्रावासों में प्रवेश व संचालन एवं छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में भ्रमण कर निर्माण कार्य एवं योजनाओं की मानीटरिंग कर अपेक्षित प्रगति लायें और भ्रमण की स्थिति से अवगत करायें। समीक्षा के दौरान मूंग, उड़द खरीदी, यूरिया की उपलब्धता एवं उद्यानिकी अंतर्गत पीएमएफएमई के लक्ष्य पूर्ति के संबंध में चर्चा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राजेश दीक्षित सहित सभी संभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## 2 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी खबर, स्थानीय जनों ने नवभारत के प्रति किया आभार व्यक्त

# 3 वार्डों को जोड़ने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत शुरू




**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती स्कूल ,गंगानगर से लाल बिल्डिंग और लाल बिल्डिंग से गढ़ा मेन रोड की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के बदहाल हालात पर आखिरकार जिम्मेदारों की नजर पड़ गई और उन्होंने तत्काल मंगलवार को इस सड़क में मौजूद सीवर के ढक्कनों के पास जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया।

गौरतलब है कि विगत 2 अगस्त के अंक में नवभारत ने सीवर कार्यों की खुली पोल, सीवर के ढक्कन के पास बिखरीं गिट्टियां कर रहीं घायल के शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसके बाद जिम्मेदारों ने इस पर त्वरित एक्शन लिया। मंगलवार को सड़क के हालात सुधरते देख हाउसिंग बोर्ड समिति के अध्यक्ष बलराज सिंह, एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, राहुल सिंह, जसराज सिंह, पूनम चंद, शुभम साहू सहित अन्य स्थानीय रहवासियों ने नवभारत और नगर निगम के सहायक यंत्री संजय सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार रानी दुर्गावती स्कूल गंगानगर से लाल बिल्डिंग और लाल बिल्डिंग से गढ़ा मेन रोड की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के अंतर्गत 3 वार्ड आते हैं जिनमें महाराणा प्रताप वार्ड, वीरेंद्रपुरी वार्ड और गढ़ा वार्ड शामिल थे।

**कई लोग सड़क हादसे में हो चुके हैं घायल**

स्थानीय रहवासियों ने पूर्व में बताया था कि वीरेंद्रपुरी वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड और गढ़ा वार्ड को जोड़ने वाली रानी दुर्गावती स्कूल गंगानगर से लाल बिल्डिंग की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के हाल बदहाल हो चुके हैं। यहां कुछ माह पहले सीवर लाइन के कार्य के दौरान सीवर रिपेयर किया गया था जिसमें भ्रष्टाचारी की बू आ रही है। नतीजा ये है कि सीवर के ढक्कन के चारों तरफ गिट्टियां निकल आईं हैं और ये दो पहिया, चार पहिया वाहनों के आवागमन से लोगों को उचटकर लग रहीं हैं। इतना ही नहीं कई वाहन इस मार्ग से गुजरकर सड़क दुर्घटना में घायल भी हो रहे हैं।

### दोस्त पर डाला पानी महिला बाउंसर को धमकाया, मारपीट

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत दुर्गानगर में गाडी धोते समय एक युवक ने महिला के ऊपर पानी डाल दिया जब महिला बाउंसर ने इसका विरोध किया तो उसे धमकाने के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। पुलिस के मुताबिक रेखा यादव निवासी ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वह अनन्तारा कॉलोनी तिलेहरी में बाउंसर हैं। शाम 5 .38 बजे वह अपनी सहेली पिंकी ठाकुर के बुलाने पर शनि की दुकान के सामने दुर्गानगर आई तो आकाश बेन अपने घर के सामने गाडी धो रहा था सहेली पिंकी ठाकुर ने बताया कि गाडी धोते समय आकाश बेन ने उसके उपर पानी डाल दिया तब उसने आकाश से पूछा कि तुम पानी क्यों डाले इसी बात पर आकाश ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी।

**आवश्यकता है**
ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है:-
**02 पद- (ऑफिस बॉय)**
ऑफिस कार्य समय
1.सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक
2.शाम 4 से रात 10 बजे तक
संपर्क करें- नवभारत प्रेस, चौथापुल, शाहिल होण्डा शोरूम के पास, जबलपुर (म.प्र.)
मो.8305852507